माइंस के दस करोड़ रूपये से अधिक के बकाया न्यायिक प्रकरणों के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित : टी. रविकान्त

- 'मुख्यमंत्री लंबित प्रकरणों को लेकर गंभीर, समीक्षा के दौरान देते रहे हैं निर्देश'
- 'न्यायिक प्रकरणों के कारण बकाया राशि की वसूली की कवायद तेज'
- 'न्यायालय के समक्ष विभागीय पक्ष को प्रभावी तरीके से रखा जाएगा'

जयपुर। न्यायिक प्रकरणों के कारण माइंस विभाग की बकाया राशि की वसूली को लेकर राज्य सरकार गंभीर होने के साथ ही प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण को लेकर कवायद तेज कर दी है। प्रमुख सचिव माइंस एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने कहा है कि माइंस विभाग से संबंधित 10 करोड़ रुपये से अधिक के बकाया राशि के न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों में राजकीय पक्ष को प्रभावी तरीके से रखने के लिए कवायद तेज कर दी है। उन्होंने बताया कि 10 करोड़ से अधिक के न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के गुणावगुण के आधार पर अध्ययन कर समीक्षा करने के लिए अतिरिक्त निदेशक माइंस मुख्यालय की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कमेटी बनाई गई है। राज्य सरकार द्वारा गठित कमेटी में वित्तीय सलाहकार माइंस विभाग, संयुक्त विधि परामर्शी उदयपुर व जयपुर के साथ ही जयपुर, कोटा, उदयपुर और जोधपुर के अतिरिक्त निदेशक माइंस को सदस्य बनाया गया है।

एक मोटे अनुमान के अनुसार 10 करोड़ रूपये और इससे अधिक के 50 से अधिक विचाराधीन प्रकरणों में राज्य सरकार की हजारों करोड़ रुपए बकाया चल रहे हैं। टी. रविकान्त ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राजकीय बकाया राशि को लेकर गंभीर होने के साथ ही समय समय पर बकाया राशि की वसूली में तेजी लाने और न्यायिक प्रकरणों में विभागीय पक्ष को कारगर तरीके से रखने के निर्देश देते रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह समिति 10 करोड़ व इससे अधिक बकाया राशि के सभी प्रकरणों की गुणावगुण के आधार पर परीक्षण करेगी और उन प्रकरणों में न्यायालयों में प्रभावी पेरवी के लिए आवश्यक सुझाव देते हुए अपनी रिपोर्ट राज्य सरकार को प्रेषित करेगी। उन्होंने बताया कि संबंधित अधिकारियों व प्रकरणों में ओआईसी अधिकारियों को भी स्टे प्रकरणों में स्टे हटवाने और अन्य प्रकरणों में राज्य सरकार का पक्ष प्रभावी तरीके से रखते हुए निर्णित कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निर्णित करवा कर राज्य सरकार की बकाया रेवेन्यू की वसूली की जा सके। उन्होंने बताया कि अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दे दिया गया है कि न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों में समय पर जबाव दावा पेश किया जाए और पेशी के समय उपस्थित होकर सरकारी पक्ष को रखते हुए निर्णित करवाये जाये।

भक्तों ने खेली फूलों की होली

जयपुर। श्री प्रेमभाया मंडल समिति द्वारा फागुन माह में शहर के विभिन्न देवालयों में चल रहे फागोत्सव के क्रम मे आज युगल कुटीर, जयलाल मुंशी का रास्ता, चांदपोल बाजार में फागोत्सव मनाया गया जिसमें श्री प्रेमभाया सरकार के गुलालमय गजरों का श्रृंगार किया गया। फागोत्सव में ऋषभ साहू ने तक तक मारे पिचकारी नन्द जी को लाल सयानों... अंकित शर्मा (बॉबी) ने पक्का रंग मे रंग देस्यां, भक्ति सै बस कर लेस्यां... हरिमोहन गोयल ने कुंज हो गई लाल, उड़ी रै गुलाल, रंग रा हौज भराया...के साथ अन्य भक्तों ने फाग रचनाओं से भक्ति रस बरसाया। इस अवसर पर भक्तों ने फूलों की होली खेली। फागोत्सव संयोजक विरेन्द्र शर्मा ने बताया कि मंदिर श्री रामचंद्रजी चांदपोल में सायं 4.30 से 8.30 तक फागोत्सव मनाया जाएगा।

सार-समाचार

राष्ट्रीय इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स मीट का आयोजन

जयपुर। जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर ने 28 फरवरी और 1 मार्च को अपने परिसर में 12वां वार्षिक राष्ट्रीय इंटर-कॉलेज स्पोर्ट्स मीट का सफल आयोजन किया। इस आयोजन में पूर्व स्क्वैश खिलाड़ी सुरभि मिश्रा और राजस्थान बास्केटबॉल टीम के पूर्व कप्तान दानवीर सिंह भाटी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. प्रभात पंकज ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया और इस खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। डॉ. लोकेश विजयवर्गीय, डीन - स्टूडेंट अफेयर्स, ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भारत के 25 से अधिक कॉलेजों के 500 छात्रों ने भाग लिया। 12वें राष्ट्रीय स्पोर्ट्स मीट 2025 की शुरुआत कैम्पस के छात्रों द्वारा निकाले गए मार्च पास्ट से हुई। इसके बाद प्रो. राहुल मीणा, खेल समिति के फैकल्टी चेयर, ने खेलों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को रेखांकित किया। खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को समापन समारोह में सम्मानित किया गया।

रुई फैक्ट्री में लगी भीषण आग

जयपुर। नेहरु नगर पानीपेच में शनिवार शाम एक रुई फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। आग की सूचना पर दो दमकल मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे के प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग से करीब 3 से 4 लाख रुपए का कच्चा व तैयार माल जलकर स्वाहा हो गया। पुलिस के अनुसार नेहरु नगर पानीपेच में शाम करीब 4.20 बजे एक रुई फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में विकराल रुप धारण कर लिया। स्थानीय लोगों ने आग की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पर बनीपार्क से दो दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। यह फैक्ट्री पानीपेच निवासी गुल मोहम्मद की है। आग की लपटे करीब एक किमी से नजर आ रही थी।

अभिलाषा वीमेन वेलफेयर सोसायटी ने मनाया फागोत्सव

जयपुर। अभिलाषा वीमेन वेलफेयर सोसायटी ने फागोत्सव धूमधाम से मनाया। सोसायटी के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौक़े पर ख़ास तौर पर महिला मंडली को बुलाया गया जिसने लोकगीत और लोक नृत्य की प्रस्तुति से समाँ बाँध दिया। सदस्यों ने फूलों और रंगों से होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर सोसायटी की अध्यक्ष डॉ रमा माथुर के कुम्भ स्नान कर जयपुर लौटने पर स्वागत किया गया। उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी माथुर, सचिव कल्पना माथुर, सांस्कृतिक सचिव जया कल्ला और डॉ अंटू सक्सेना सहित सोसायटी के अन्य सदस्य इस दौरान उपस्थित रहे। अध्यक्ष डॉ रमा माथुर ने बताया कि सोसायटी की ओर से सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही तीज-त्योहारों पर भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

स्लीपर बस से शराब तस्करी करते तीन बदमाश गिरफ्तार

- हरियाणा से चार बैगों में भरकर लाए और गुजरात ले जाकर बेचने की थी योजना

जयपुर। विधायकपुरी थाना पुलिस ने स्लीपर बस से शराब तस्करी करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। हरियाणा से चार बैगों में अवैध शराब को गुजरात तस्करी कर ले जाया जा रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अवैध शराब की 45 बोतल बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने हरियाणा से तस्करी कर गुजरात में दोगुनी कीमत में शराब बेचना बताया है।पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि विधायकपुरी थाना पुलिस ने स्लीपर बस से शराब तस्करी करने वाले आरोपी डामोर पर्वत भाई (36), डामोर वनराज भाई (27) और मालीवाड़ रमेश भाई सनाभाई (20) निवासी महिसागर गुजरात को अरेस्ट किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गुजरात के रहने वाले तीन लोग हरियाणा निर्मित शराब की सप्लाई लेकर गुजरात जा रहे है। मानेसर गुरुग्राम से चार बैगों में भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर स्लीपर बस से जयपुर आ रहे हैं। जयपुर बस स्टैंड से शराब की खेप लेकर गुजरात सप्लाई के लिए निकल जाएंगे। पुलिस टीम ने सूचना पर तीनों संदिग्धों को विधायकपुरी इलाके में बस से उतरते ही पकड़ लिया। तलाशी में उसके पास हरियाणा निर्मित शराब की 45 बोतल मिली। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अरेस्ट कर अवैध शराब को जब्त कर लिया। पूछताछ में सामने आया है कि वह हरियाणा से शराब खरीद कर स्लीपर बस से तस्करी कर गुजरात ले जाते है।

कार सवार बदमाशों ने लूटा पिकअप चालक को

जयपुर। गांधी नगर थाना इलाके में कार सवार बदमाश पिकअप चालक से मारपीट कर 25 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल की जा रही है।

पुलिस के अनुसार उनियारा टोंक हॉल कटेवा नगर गुर्जर की थड़ी निवासी राजेंद्र कुमार ने मामला दर्ज करवाया कि वह पिकअप चलाता है। वह भाडा छोड़कर राजापार्क से वापस अपने घर जा रहा था। इसी दौरान जेडीए सर्किल से रामबाग जाने के दौरान काली बोलेरो में सवार होकर कुछ बदमाश आए और गाडी आगे लगाकर उसे रोका। बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और उससे 25 हजार रुपए छीनकर ले गए। आरोपियों ने उसकी पिकअप में तोड़फोड़ भी की। इसके बाद बदमाश मौके से भाग निकले। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को दी।

चार सूने मकानों से लाखों रुपए के जेवर-नकदी पार

जयपुर। पुलिस की गश्त व्यवस्था को धत्ता बताकर चोर 4 सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों रुपए के जेवरात व नगदी ले गए।

पांच्यावाला श्याम एनक्लेव निवासी निश्चल सिंह ने करणी विहार थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह 9 फरवरी को परिवार के साथ रिश्तेदार के यहां पर दिल्ली गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और सोने-चांदी के जेवरात व नगदी ले गए। चोर मकान से करीब 7-8 लाख रुपए के जेवरात व नगदी ले गए। घटना का पता पीडित को वापस लौटने पर लगा। इस पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है।

दूसरी घटना में मोहन नगर सिरसी रोड निवासी छोटू लाल ने करणी विहार थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह ठेला लगाता है। 26 फरवरी को उसका परिवार बाहर गया हुआ था और वह भी ठेला लगाने चला गया। पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और 50 हजार रुपए एवं सोने चांदी के जेवरात ले गए। चोरी का पता उसे शाम को घर लौटने पर लगा। इस पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। तीसरी घटना में मौजमाबाद दूदू हाल महालक्ष्मीपुरा गजसिंहपुरा ने श्याम नगर थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह 26 फरवरी को परिवार के साथ बाहर गई थी। 28 को वापस लौटी को मकान का ताला टूटा मिला। अंदर देखा तो कमरों के साथ अलमारी का सामान भी बिखरा हुआ था। इस पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने साक्ष्य लेकर जांच शुरू कर दी है। चोर मकान से सोने चांदी के गहने और नगदी ले गए।

चौथी घटना में देवी नगर श्याम नगर निवासी अखिल गोयल ने मामला दर्ज करवाया कि वह 27 फरवरी को परिवार के साथ बाहर गया था। पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर अंदर घुसे और अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात व नगदी ले गए। घटना का पता उसे वापस लौटने पर लगा। वापस लौटा तो मकान का ताला टूटा हुआ था और कमरों के साथ अलमारी का सामान बिखरा हुआ था। चोर मकान से नकदी और सोने का मंगलसूत्र, दो अंगूठियां, पायजेब सहित अन्य सामान ले गए।

आरआईसी में छठा पंचतत्व महोत्सव 8 मार्च से

- अभिनेत्री अमिता नांगिया से रूबरू होंगे कला प्रेमी
- राष्ट्रीय कला महोत्सव में दिखेगा नृत्य, नाट्यय, दृश्य कला और साहित्य का समागम

जयपुर। पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए राष्ट्रीय कला महोत्सव पंचतत्व के छठे संस्करण का आयोजन होने जा रहा है। ओरियन ग्रीन्स, जयपुर की ओर से संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, श्रुतिपरफॉर्मिंग ट्रूप व राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर के सहयोग से आयोजित महोत्सव दो चरणों में जयपुर समेत भारत के दो शहरों में आयोजित किया जाएगा। इसमें नृत्य, नाट्यय, दृश्य कला और साहित्य का समागम देखने को मिलेगा। वहीं कला प्रेमियों को फिल्म और टीवी जगत की मशहूर अभिनेत्री अमिता नांगिया से भी रूबरू होने का अवसर मिलेगा। जयपुर की सांसद मंजू शर्मा ने महोत्सव का पोस्टर का विमोचन किया।

ओरियन ग्रीन्स की फाउंडर व चेयरपर्सन नीता उपाध्याय ने बताया कि यह जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में 8 व 9 मार्च को मिनी ऑडी 2 में पंचतत्व की पहली कड़ी का आयोजन होगा। पहले दिन शाम 7 बजे श्रुति परफॉर्मिंग ट्रूप, शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल द्वारा 'प्रकृति के रंग' नामक नृत्य प्रस्तुति होगी। प्रस्तुति की अवधारणा प्रो. डॉ. सोमनाथ सिन्हा ने तैयार की है जबकि कोरियोग्राफी प्रो. डॉ. श्रुति बंदोपाध्याय ने की है। वहीं बिंदु डावर सलूजा के क्यूरेशन में प्रदर्शनी आयोजित होगी।

रात्रि 8 बजे अमिता नांगिया की गरिमामयी उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण समारोह आयोजित होगा जिसमें प्रतिभावान महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

दूसरे दिन, 9 मार्च को शाम 7 बजे मार्तण्ड फाउंडेशन, उदयपुर के कलाकार मूकाभिनय के नवरस में मूक अभिनय के जरिए दर्शकों को रोमांचित करेंगे। प्रस्तुति की परिकल्पना एवं निर्देशन संगीत नाटक अवॉर्डी विलास जानवे ने की है। वहीं शाम 7:30 बजे ऋत गाथा बैले में रच आभा, जयपुर के कलाकार प्रस्तुति देंगे। इस प्रस्तुति की परिकल्पना एवं निर्देशन राजस्थान संगीत नाटक अवॉर्डी रेखा ठाकर ने किया है। गौरतलब है कि छठे पंचतत्व महोत्सव की दूसरी कड़ी 30-31 मार्च को विश्व भारती यूनिवर्सिटी शांतिनिकेतन पश्चिम बंगाल में आयोजित होगी।

डॉ.रितु सक्सैना सम्मानित

जयपुर। दिल्ली विश्वविद्यालय के शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनेस स्टडीज, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना और क्लाडोलिड विश्वविद्यालय, स्पेन एवं 6वें यूनिवर्सल इनोवेटर्स लीडरशिप अवार्ड्स लंदन द्वारा डॉ. रितु सक्सेना को नेशनल रिसर्च अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह का आयोजन 8वां इंटरनेशनल इनोवेटिव कंप्यूटिंग एंड कम्युनिकेशन 14-15 फरवरी को आयोजित किया गया। डॉ. सक्सैना यूजीसी से पोस्ट डॉक्टरेट फेलोशिप हैं और वर्तमान में विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में कार्यरत हैं।

रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहे हुक्का बार में पुलिस ने मारा छापा

जयपुर। ज्योति नगर थाना पुलिस ने रेस्टोरेंट की आड में चल रहे हुक्का-बार में कार्रवाई करते हुए मैनेजर को गिरफ्तार किया है। वहीं मौके पर मिले 14 लोगों का कोटपा एक्ट में चालान भी किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने मौके से 9 हुक्के, 10 पाइप, 9 चिलम एवं भारी मात्रा मे हुक्का फ्लेवर जब्त किया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आंनद ने बताया कि ज्योति नगर थाना पुलिस ने इलाके में स्थित धारिवाल चैम्बर के पास संचालित अननौन कैफे पर कार्रवाई की गई है जो एक रेस्टोरेंट की आड़ में चल रहा था। पुलिस को पिछले कुछ दिनों से यहां पर कैफ की आड़ में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया।

अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाला तस्कर गिरफ्तार

जयपुर। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत रामनगरिया थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर करण सिंह को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक बरामद की है। फिलहाल आरोपी तस्कर से पूछताछ की जा रही है।जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत रामनगरिया थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ स्मैक की तस्करी करने वाले तस्कर करण सिंह निवासी नासिरदा जिला टोंक हाल शिवदासपुरा जयपुर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपित से 10 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक जब्त की है। पुलिस आरोपित तस्कर से अवैध मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ करने में जुटी है।

हमारे नेता ने खेद जताया, लेकिन मंत्री ने गलती नहीं मानी, यह तानाशाही : डोटासरा

जोधपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सदन में जो भी गतिरोध हुआ, वह पूरी तरह से मर्यादित था और जो बातें उनके खिलाफ कही गईं, उनका कोई प्रमाण नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारे नेता ने खेद भी जताया, लेकिन सरकार के मंत्री ने अपनी गलती नहीं मानी, यह सरकार की तानाशाही है।

डोटासरा ने कहा कि वे चार बार के विधायक हैं और बेस्ट विधायक का अवार्ड भी प्राप्त कर चुके हैं। "मेरा कोई आडियो-वीडियो नहीं है, जिसमें मैंने असंसदीय बातें की हों।" सदन में कांग्रेस विधायक गणेश घोघरा की टिप्पणी पर डोटासरा ने कहा कि घोघरा को तुरंत चेतावनी दी गई थी और कोई भी अमर्यादित बात नहीं करनी चाहिए।डोटासरा ने कहा कि मैं शत-प्रतिशत मर्यादित था, हूं और रहूंगा। अगर ऐसा नहीं होता तो मैं चौथी बार चुनाव में नहीं जीतता। उन्होंने यह भी कहा कि विधानसभा में गतिरोध सरकार के गलत आरोपों के कारण हुआ था। सत्ता पक्ष को सदन चलाना नहीं आता, इसलिए उन्होंने आरोप लगाकर गतिरोध उत्पन्न किया। डोटासरा ने कहा कि उन्हें प्रदेश प्रभारी रंधावाजी के प्रोटोकॉल के कारण गतिरोध समाप्त होने के बाद कांग्रेस विधायकों के साथ नहीं जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नेता प्रतिपक्ष ने माफी मांगी, लेकिन सरकार के मंत्री ने खेद नहीं जताया। जोधपुर दौरे पर डोटासरा ने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि मैं हमेशा आरएसएस के खिलाफ रहा हूं। आरएसएस चुनाव नहीं लड़ता, लेकिन सत्ता में आते ही वह मनमानी करने लगता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब एक मंत्री देश के लिए शहीद होने वाली महिला पर व्यंग्यात्मक भाषा का प्रयोग करता है, तो यह गलत है।विजयनगर कांड पर पीसीसी अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने इस मामले में एक कमेटी बनाई है और सही के पक्ष में खड़े रहेंगे ।

उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार ने कांग्रेस की कई योजनाओं को बंद कर दिया है, जैसे अंग्रेजी विद्यालय, नए जिले और संभाग की योजनाएं।

3 साल की बालिका को स्कूल बस ने कुचला

जयपुर। करणी विहार थाना इलाके में एक तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़ी एक तीन साल की बालिका को कुचल दिया। हादसे में बालिका की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। पुलिस इस मामले में घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। हादसे की जांच दुर्घटना थाना पश्चिम कर रही है।

पुलिस के अनुसार विकास नगर सी निवासी 3 वर्षीय पूर्विका त्यागी पुत्री विष्णु प्रसाद अपनी मां के साथ शनिवार दोपहर भाई को लेने स्कूल आई थी। मां बच्चे को लेने स्कूल की तरफ चली गई और पूर्विका सड़क किनारे खड़ी थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बस ने बालिका को टक्कर मार दी।

हादसे के बाद चालक बस लेकर भाग निकला। हादसा देखकर स्थानीय लोगों ने बालिका को अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसा देखकर बालिका की मां बेसुध होकर गिर गई। स्थानीय लोगों ने मां और बालिका को अस्पताल पहुंचाया।

कोलकाता में अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन में प्रवासी संवाद

जयपुर। कोलकाता के हिंदुस्तान क्लब में आज अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा राजस्थानी साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें आयुक्त, राजस्थान फाउंडेशन डॉ मनीषा अरोड़ा ने प्रवासी राजस्थानियों को संबोधित किया।

अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा इस कार्यक्रम में प्रवासी राजस्थानी समुदाय को एक मंच पर एकत्र किया गया, जहां प्रवासियों द्वारा अपने अनुभव साझा करते हुए राजस्थान के विकास में उनकी सक्रिय भागीदारी के नए अवसरों पर चर्चा की गयी।

इस अवसर पर डॉ. मनीषा अरोड़ा ने राज्य सरकार द्वारा प्रवासियों के लिए हाल ही में कई गयी नई घोषणाओं के बारे में बताया जिसमें प्रवासी राजस्थानियों के हितों की रक्षा के लिए एक नया विभाग, प्रवासी राजस्थानी सम्मान अवॉर्ड्स, प्रत्येक ज़िले में अतिरिक्त ज़िला कलक्टर को प्रवासियों के मुद्दों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करना प्रमुख हैं। डॉ अरोड़ा ने 2024 (निवेश प्रोत्साहन नीति 2024) के प्रावधानों, राजनिवेश पोर्टल के माध्यम से राइजिंग राजस्थान समिट के की रियल टाइम जानकारी प्राप्त करने की सुविधा के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में श्रीगंगानगर, राजस्थान के साहित्यकार डॉ. मंगत बादल को सीताराम रुंगटा राजस्थानी भाषा-साहित्य सम्मान एवं लूणकरणसर के बाल साहित्यकार रामजी लाल घोड़ेला को केदारनाथ-भागीरथीदेवी कानोडिया राजस्थानी भाषा बाल-साहित्य सम्मान से नवाजा गया।कार्यक्रम में अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार लोहिया, सम्मेलन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हरि प्रसाद कानोड़िया, समाजसेवी गोविंद सारड़ा, अखिल भारतीय मारवाड़ी फेडरेशन के पदाधिकारी, सदस्यगण एवं अन्य प्रबुद्ध प्रवासी राजस्थानियों की उपस्थिति ने आयोजन को और अधिक सार्थक बनाया।

अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन में साहित्यकारों का सम्मान किया गया।

उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन प्रवासी मारवाड़ी समुदाय की एक राष्ट्रीय स्तर की संस्था है जिसकी देश के 24 राज्यों में लगभग 400 से अधिक शाखाएं और 60000 से अधिक सदस्य हैं। यह संस्था सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिणक उन्नति के उद्देश्यों, कन्या शिक्षा, नारी उत्थान जैसे सामाजिक सुधारों एवं मारवाड़ी भाषा के प्रचार-प्रसार में लगातार सक्रिय है।

आयुक्त राजस्थान फाउंडेशन ने कोलकत्ता में अंबुजा नेवटिया ग्रुप के चेयरमैन हर्षवर्धन नेवटिया से मुलाक़ात कर राज्य सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के बारे में बताया और शेखावटी में उनके पैतृक गाँव में सामाजिक सरोकार के कार्य करने हेतु आव्हान किया।

गिव अप अभियान की अवधि 31 मार्च तक बढ़ाई

जयपुर। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार वंचित वर्गों के कल्याण हेतु कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि समाज के पिछड़े तबकों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उन्हें अधिक से अधिक लाभान्वित किया जाए ताकि उनका सशक्तिकरण हो और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

गोदारा ने कहा कि विभाग द्वारा गत वर्ष गिव अप अभियान शुरू करने का उदेश्य राजस्थान के वंचित वर्गों को उनका हक दिलाना है। अभियान के माध्यम से खाद्य सुरक्षा प्राप्त सक्षम/अपात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इससे जो अनाज बचेगा उसे राज्य सरकार वंचित पात्र लाभार्थियों को देकर उन्हें खाद्य सुरक्षा दे सकेगी।

गोदारा ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत खाद्य सुरक्षा सूची में आने वाले सक्षम/अपात्र लाभार्थियों से स्वेच्छा से अपना नाम हटाने हेतु 28 फरवरी, तक गिव अप अभियान चलाया जा रहा था। अभियान को मिल रही सफलता को देखते हुए एवं अधिक से अधिक वंचित पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु इसकी अवधि 31 मार्च, तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि जो अपात्र/सक्षम लोग एनएफएसए से किसी कारणवश अब तक अपना नाम हटवा नहीं पाए हैं, वे इस निर्णय का लाभ लेते हुए खाद्य सुरक्षा छोड़ें ताकि उनके स्थान पर पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा दी जा सके।

दो अवैध देसी कट्टा, छह जिंदा कारतूस सहित दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े

जयपुर। हरमाडा थाना पुलिस ने ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत कार्रवाई करते हुए दो अवैध देसी कट्टा छह जिंदा कारतूस सहित दो आरोपियों को पकड़ा है। जिसमें एक बाल अपचारी बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस दोनों से पूछताछ करने में जुटी हुई है।



पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम अमित कुमार ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत हरमाड़ा थाना पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए ग्राम हाथीपुरा किशनगढ़ रेनवाल निवासी 25 वर्षीय सुभाष जाट गिरफ्तार किया और वही एक बाल अपचारी को भी निरूद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक अवैध देसी कट्टा व तीन जिंदा कारतूस बरामद किया है।

पुलिस आरोपियों से अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ की जा रही है।